‘जल महोत्सव’ के सातवें संस्करण का आयोजन 28 नवंबर से

चर्चा में क्यों?

20 नवंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं मप्र टूरिज़्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा खंडवा ज़िले के हनुवंतिया टापू में प्रदेश के सबसे बड़े आयोजनों में से एक ‘जल महोत्सव’ के सातवें संस्करण का आयोजन 28 नवंबर 2022 से किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- दो माह तक चलने वाले इस वाटर कार्निवल का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इसका समापन 28 जनवरी 2023 को होगा।
- शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि जल महोत्सव देशभर के एडवेंचर लवर्स के लिये आदर्श गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुका है। पर्यटकों के उत्साह और आनंद को बढ़ाने के लिये इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर पर स्थित हनुवंतिया टापू पर फ्लाइंग इंफ्लेटेबल बोट एक्टिविटी आयोजित की जा रही है। देश में पहली बार पर्यटक इस तरह की गतिविधि का आनंद लेंगे।
- स्कूबा डाइविंग, बोरियामल द्वीप पर नाइट सफारी, लग्ज़री रीगल सीरीज बोट, 40 फीट हाई रोप स्विंग, जिप सायकल, पैरामोटरिंग, पैरासेलिंग, स्पीड बोट, जेट स्काई, हॉट एयर बलूनिंग, मोटर बोट राइडिंग इत्यादि एडवेंचर गतिविधियाँ प्रमुख आकर्षण होंगी। इस अवसर पर एक वीडियो फिल्म भी दिखाई जाएगी।
- शुक्ला ने बताया कि टूरिज़्म बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैंप के साथ मिलकर हनुवंतिया टापू में स्थित टेंट सिटी का संचालन पर्यटकों के लिये किया जा रहा है। इस टेंट सिटी में 104 लग्ज़री स्विस टेंट्स के साथ-साथ कॉर्पोरेट सम्मेलनों के लिये एसी सम्मेलन हॉल की सुविधा मिलेगी।
- जल महोत्सव में केरल के प्रसिद्ध करैली समूह के द्वारा वेलनेस स्पा, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय एंगलर्स की तीन दिवसीय एंगलिंग स्पोर्ट इवेंट, संगीत समारोह, पतंग उत्सव जैसी अनेक गतिविधियाँ पर्यटकों के मनोरंजन के लिये आयोजित की जाएंगी।
- उल्लेखनीय है कि इंदिरा सागर बांध के तट पर स्थित हनुवंतिया टापू को एक आदर्श पर्यटन स्थल विकसित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड द्वारा ‘जल महोत्सव’ का आयोजन किया जाता है।
- ‘जल महोत्सव’ को जनवरी 2022 में स्पेन में इंडियाज यूनिक वाटर एंड एडवेंचर कार्निवल से सम्मानित किया गया था। 2017 में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा सबसे अनोखे नवीन पर्यटन उत्पाद वर्ष 2015-16 हेतु सम्मानित किया जा चुका है।
- गौरतलब है कि जल महोत्सव 2021 के 60 दिनों के दौरान 2 लाख 40 हज़ार से ज़्यादा लोगों ने भ्रमण किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/7th-edition-of-jal-mahotsav